नागपुर, रविवार 30 मार्च 2025
तापमान: नागपुर, अधिकतम 40.6°C न्यूनतम 22.8°C
राष्ट्रबाण
नागपुर VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।
चैत्र नवरात्रि एवं गुढी पाड़वा की हार्दिक शुभकामनाएं।



# नववारी में बुलेट पर महिला बनीं आकर्षण




स्वागत
नववर्ष का भारतीय नववर्ष स्वागत समिति की ओर से हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में आग्याराम मंदिर परिसर में महिला अभिनंदन स्कूटर रैली का शनिवार को आयोजन किया गया. रैली में महिलाओं ने पारंपरिक नववारी साड़ियों में सज-धज कर बाइक और बुलेट चलाई और मराठी नववर्ष का स्वागत किया. शहर भर में शोभायात्रा के साथ इस त्योहार की रौनक देखने को मिली, जिसमें लोगों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर उत्सव का स्वागत किया. इस रैली ने नगर भ्रमण भी किया.






# सिंधु एकता स्कूटर रैली में दिखाई एकता

## 'झूलेलाल महोत्सव' का रंगारंग आगाज, हजारों समाजबंधु हुए शामिल

**नागपुर.** नागपुर सिंधी समाज के इष्टदेव वरुणावतार भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचंद्र पर आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव की रंगारंग शुरुआत शुक्रवार को हुई. जरीपटका के कलगीधर सत्संग मंडल से निकाली गई सिंधु एकता स्कूटर रैली में हजारों भक्त शामिल हुए. रैली आसपास के मुख्य मार्गों का भ्रमण करती हुई बाबा गुरुमुखदास धाम के झूलेलाल मंदिर परिसर में विसर्जित हुई. भक्तों ने 'आयोलाल सभई चओ झूलेलाल' के जयघोषों से संपूर्ण मार्गों को गुंजायमान कर दिया. अनेक स्थानों पर रैली का जोरदार स्वागत हुआ. इसके पूर्व अधि. माधवदास ममतानी ने विधिवत पूजन कर हरी झंडी दिखाई. दादा घनश्याम कुकरेजा, वीरेंद्र कुकरेजा, राखी कुकरेजा, सतीश आनंदानी, राजेश बटवानी, पंकज बीधानी, राशि वासवानी, प्रमिला मथरानी, पी.टी. दारा, डॉ. गुरमुख ममतानी, विजय केवलरामानी, डॉ. विकी रुघवानी, डिम्पी बजाज, राशि वासवानी, रैली संयोजक गुड्डु केवलरामानी, राजकुमार ढोलवानी, दौलत कुंगवानी, सतीश आनंदानी, जगदीश वंजानी, सागर आहूजा, राकेश खुशलानी, भूषण दात्रे, नितिन गोधानी, हितेश देवानी आदि उपस्थित थे. सफलतार्थ नंदलाल मनशानी, पिंकी, प्रकाश केवल-रामानी, राजेश धनवानी, जीतू बेलानी, इंद्रकुमार खिलवानी, दिलीप मीरानी, जीतू लालवानी, कॉनका लालवानी, सुनील मोटवानी, नितिन गोधानी, प्रदीप बालानी, अशोक केवलरामानी, प्रदीप बालानी, भीषम साधवानी, घनश्याम गोधानी, प्रकाश लालवानी, एड. कमल आहूजा, सुनील चेलानी, सुनील बीखानी व अन्य ने प्रयास किया. सजी सुरों की महफिल पिरामिड सिटी के पास, जरीपटका स्थित झूलेलाल पार्क में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव में शाम को महाआरती में सारस्वत सिंथ ब्राह्मण मंडल के पकाधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे. बाद में सुमधुर संगीतमय कार्यक्रम में गायिका मंजूश्री आसूझती (तेजवानी), दृष्टि कुकरेजा, अरुधन बत्रा व मिताली कुसरेजा ने कर्णप्रिय सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया.



### शाम को सुरों की बौछार

पिरामिड सिटी के पास, जरीपटका स्थित झूलेलाल पार्क में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव में शाम को महाआरती में सारस्वत सिंध ब्राह्मण मंडल के पदाधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे. तदुपरांत हुए सुमधुर संगीतमय कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गायिका मंजूश्री आसूदानी (तेजवानी), दृष्टि कुकरेजा, अरुधन बत्रा व मिताली कुसरेजा ने कर्णप्रिय सुरों की बौछार से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया.

# कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे के खिलाफ FIR दर्ज

## शहर भाजपा की गणेशपेठ थाने में शिकायत

**नागपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगाकर तनाव की स्थिति निर्माण करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर शहर भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गणेशपेठ थाने में शिकायत की. इस संदर्भ में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा. इसके बाद अतुल लोंढे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. ज्ञापन में भाजपा शहर अध्यक्ष बंटी उर्फ जितेंद्र कुकड़े ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज पर टिपण्णी करने वाला कथित पत्रकार प्रशांत कोरटकर को गिरफ्तार किया गया तब मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत प्रतीक पडवेकर नामक व्यक्ति भी कोरटकर के साथ था. इस बात का खुलासा करने की मांग



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने एक टीवी चैनल को दी गई मुलाकात में किया, जबकि वास्तविकता ये है कि पडवेकर नाम का कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री के कार्यालय में कार्यरत नहीं है. लोंढे ने जान-बूझकर झूठी जानकारी देकर मुख्यमंत्री फडणवीस को बदनाम करने की साजिश की है, इसलिए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग शहर भाजपा प्रतिनिधि मंडल द्वारा की गई.

# गुड़ी पाड़वा पर सरकार ने आम जनता को दिया तोहफा

## बिजली के दामों में 10 प्रतिशत की कटौती

**नागपुर.** गुड़ी-पाड़वा के मौके पर राज्य सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है. महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग ने नया टैरिफ जारी करते हुए बिजली के दामों में 10 प्रतिशत की कटौती की है. नई दरें एक अप्रैल 2025 से लागू होगी और आगमी पांच वर्ष तक जारी रहेगी. गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है. घरों में कूलर, एसी शुरू हो गया है. वहीं गर्मियों में बिजली की खपत भी बढ़ जाती है, जिससे बिजली का बिल भी बढ़ जाता है. इसी बीच महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग ने आमजनता को बड़ी राहत दी है. आयोग ने शुक्रवार रात राज्य में बिजली दरों को लेकर नया टैरिफ जारी किया है. जिसमें आयोग ने 2025-26 में बिजली के दामों में 10 प्रतिशत की कटौती की है. इसी के साथ आयोग ने 2026 से 2030 के बीच संचयी कटौती को मंजूरी दी है. ज्ञात हो कि, राज्य में बिजली के बढ़ते दाम बड़ा मुद्दा रहा है. विधानसभा चुनाव में राज्य की महायुति सरकार ने बिजली के दामों में कटौती करने का ऐलान किया था. वहीं चुनाव के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि, धीरे-धीरे राज्य में बिजली के दामों में कटौती की जाएगी. वहीं गुड़ी-पाड़वा के पहले आयोग ने दामों में कटौती कर एक बड़ी राहत दी है.

**सेवा** | शालिनीताई मेघे होम्योपैथिक अस्पताल की महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अनूठी पहल

# रायपुर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नागपुर.** दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर(डीयू) से संलग्नित नागपुर के वानाडोंगरी में स्थित शालिनीताई मेघे होम्योपैथिक अस्पताल और कॉलेज ने 8 मार्च 2025 को रायपुर के भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन में महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलता-पूर्वक आयोजन किया. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह विशेष पहल महाराष्ट्र श्रम कल्याण मंडल गट कार्यालय 2 के सहयोग से आयोजित की गई थी.

इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही. शीतल मून और दीपाली कोहाड़ के विशेष सहयोग से महिलाओं के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को सुनिश्चित किया गया. शालिनीताई मेघे होम्योपैथिक अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों ने इस शिविर में महिलाओं को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और उपचार प्रदान किए. इस चिकित्सा टिम में डॉ. विनोद खवासे, डॉ. अमृता क्षीरसागर, डॉ. नयन दुर्बले और श्वेता सावरकर शामिल थे, जिन्होंने महिलाओं को उचित मार्गदर्शन और उपचार दिए. इस शिविर में महिलाओं की किडनी स्टोन, बवासीर, त्वचा रोग, मुंहासे, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल एनीमिया, थायरॉयड विकार, सौंदर्य और बालों की समस्याएं, वजन नियंत्रण, आर्थराइटिस, शिशु रोग और स्त्री रोग जैसी विभिन्न बीमारियों की जांच की गई. डॉक्टरों ने प्रत्येक महिला को व्यक्तिगत सलाह और होम्योपैथिक उपचार दिए.इस विशेष पहल से कुल 70 महिलाओं ने लाभ उठाया. उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई और समग्र स्वास्थ्य के बारे में मार्गदर्शन दिया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना और होम्योपैथिक उपचार के फायदों की जानकारी देना था. महाराष्ट्र श्रम कल्याण मंडल गट कार्यालय 2 ने इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. साथ ही, हिंगणा केंद्र समन्वयक सचिन रोंगे, जयताळा केंद्र समन्वयक दर्शन सोमकुवर और समाजसेवी शरद पाटिल, वैशाली कोरडे, वृक्षवंती वरखडे और ऋषिता इवनाते के विशेष योगदान और प्रयासों से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



### इन विशेष क्लिनिक्स का टाइमिंग इस प्रकार है:

- सोमवार – डॉ. शिफाली भोयर (त्वचा रोग विशेषज्ञ)
- मंगलवार – डॉ. साची बगडे (स्त्री रोग और इन्फ़र्टिलिटी विशेषज्ञ)
- बुधवार – डॉ. आदिल चिमठनवाला (हृदय रोग और मोटापा विशेषज्ञ)
- गुरुवार – डॉ. प्रियंका शेंडे (मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ)
- शुक्रवार – डॉ. नम्रता खजांची (न्यूरोलॉजी, न्यूरोडेवलपमेंट और कैंसर विशेषज्ञ)
- शनिवार – डॉ. रितेश मानकर (एंडोक्राइनोलॉजी विशेषज्ञ)

शालिनीताई मेघे होम्योपैथिक अस्पताल और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत भारबत ने बताया कि संस्थान की ओर से वानाडोंगरी में हर सप्ताह अलग-अलग दिनों में विशेषज्ञ होम्योपैथिक डॉक्टरों द्वारा विशेष क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं. इन क्लिनिक्स में सिर्फ 20 रुपये शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे जरूरतमंद और वंचित लोगों को सरलता से उपचार मिल सके. दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर(डीयू) के ऑफ-कॅम्पस निदेशक डॉ. अनुप मरार ने सामाजिक स्वास्थ्य एवं महिलाओं के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अस्पताल के संकल्प को दोहराया. उन्होंने शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की टीम के प्रयासों की सराहना की और इस सफल पहल में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

# MOC कैन्सर केयर मैमोग्राफी निदान मुहिम




**नागपुर.** मार्च महीने में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एमओसी-नागपूर ने जिले में 23 से 27 मार्च के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्तन कैंसर की जांच और प्रारंभिक चरण में निदान हेतु मैमोग्राफी शिविर का आयोजन किया था. एमओसी नागपूर के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. मकरंद रणदिवे की पहल और मार्गदर्शन में सावनेर, मानेवाड़ा, मिलिट्री हॉस्पिटल कामठी, जरीपटका और मेघरे हॉस्पिटल भंडारा में मैमोग्राफी शिविर सफलता-पूर्वक आयोजित किए गए. डॉ. मकरंद रणदिवे ने उपस्थित महिलाओं को स्तन कैंसर और अन्य प्रकार के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी. सभी महिलाओं को स्तन, गर्भाशय और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लक्षण कैसे पहचाने जाएं, इस बारे में जानकारी दी गई और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया. शिविर के सफल आयोजन में डॉ. मकरंद रणदिवे, डॉ. पूजा चांडक, डॉ. शिवम पुनियानी, डॉ. अदिती गुल्हाने, डॉ. रोहिणी पाटिल, डॉ. प्रियंका जेसवानी, डॉ. प्रदीप मेघरे (भंडारा) और सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू केव-लरामानी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. इस शिविर में कुल 150 मैमोग्राफी की गई और कम से कम 500 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने का सफल कार्य संपन्न हुआ.

नागपुर, रविवार 30 मार्च 2025 तापमानः नागपुर, अधिकतम 40.6°C न्यूनतम 22.8°C

राष्ट्रबाण

# नागपुर VISION

।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।






## गुड़ी पड़वा मराठी नववर्ष की शुरूआत

पौराणिक कथाओं के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की रचना की थी. साथ ही यह पर्व वसंत ऋतु का भी नई उमंग और जीवन की शुरूआत का भी प्रतीक माना जाता है. यह पर्व हिन्दू धर्म की परंपराओं, संस्कृति और कृषि के महत्व को समझाता है.

# रेलवे स्टेशन अलर्ट

### BDS डॉग स्कॉड तैनात

**नागपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को नागपुर शहर में आगमन होने जा रहा है. ऐसे में इनकी सुरक्षा को लेकर सभी विभाग अलर्ट मोड पर हैं. जिसमें नागपुर रेलवे स्टेशन भी शामिल है. शुक्रवार से ही स्टेशन पर जीआरपी हेडक्वार्टर से अतिरिक्त पुलिस बल मांगा गया है. 24 घंटे के लिए डॉग स्कॉड व बीडीडीएस को तैनात किया गया है.30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर में आगमन होनेवाला है. वे यहां पहले रेशिमबाग, फिर दीक्षाभूमि व हिंगना जाने वाले हैं. ऐसे में शहर के पुलिस प्रशासन से लेकर यातायात विभाग सभी अलर्ट मोड पर है. इसमें नागपुर रेलवे स्टेशन को एक दिन पहले से ही अलर्ट मोड पर रखा गया है. रेलवे स्टेशन यात्रियों के आवागमन का मुख्य सोर्स है. यहां प्रति दिन एक सौ से ज्यादा गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है. हजारों की संख्या में यात्री शहर से बाहर व बाहर से शहर में दाखिल होते हैं. प्रधानमंत्री के शहर में होने से इन जगहों को अधिक संवेदनशील बना देता है. जिसके कारण स्टेशन से आने-जानेवाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है. यात्रियों के बैग जांच से लेकर संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ हो रही है. रविवार को दिनभर स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज की कड़ी जांच करने के लिए आरपीएफ की टीम भी बढ़ाई गई है. एके 47 के साथ यहां पर जवानों को तैनात रखा गया है. बाहर से आने-जानेवाली गाड़ियों पर भी नजर रखी जाएगी. पश्चिम द्वार से लेकर पूर्वी द्वार तक विशेष निगरानी रखी जा रही है.

### डॉग स्कॉड बढ़ाई गश्त


स्टेशन की सुरक्षा को मुस्तैद रखने के लिए डॉग स्कॉड का अहम रोल होता है. जिसके कारण त्योहारों व अलर्ट के दिनों में स्टेशन पर इनकी मदद से चप्पे चप्पे पर छानबीन की जाती है. ताकि किसी भी तरह की कोई भी संवेदनशील वस्तु यहां नहीं रखी जाए. ऐसे में उपरोक्त बंदोबस्त में भी अहम रोल डॉग स्कॉड का दिख रहा है. स्कॉड को परिसर में घुमाया जा रहा है. नई ट्रेन आने पर ट्रेन भीतर ले जाकर जांच पड़ताल की जा रही है. इनके साथ ही बीडीडीएस की टीम भी तैनात है. पुलिस बंदोबस्त बढ़ाने के बाद जीआरपी की पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवरे ने दोपहर को स्टेशन पर विजिट कर स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया. स्टेशन पर तैनात सिपाहियों से बातचीत भी की.

# वेलकम PM मोदी

## प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार संघ मुख्यालय, दीक्षाभूमि को भी देंगे भेंट

### SPG ने किया रिहर्सल

### माधव नेत्रालय के विस्तारित भवन का लोकार्पण



शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार सुबह आठ बजे उपराजधानी के भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन होने जा रहा है. इसके बाद वो साडे आठ बजे सबसे पहले सुबह 9 बजे रेशमबाग स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और फिर सुबह 9.30 बजे दीक्षाभूमि जाएंगे. उसके बाद करीब 10 बजे नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर जाएंगे. प्रधानमंत्री दोपहर 12:30 बजे नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में यूएवी के लिए लोइटरिंग म्यूनिशन टेस्टिंग रेंज और रनवे सुविधा का उद्घाटन करेंगे. यह हैं कार्यक्रम हिंदू नववर्ष के शुभारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर में दर्शन करेंगे और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि देंगे. वह दीक्षाभूमि में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को आदरांजलि देंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में परींदा भी पर नहीं मार सकेंगा ऐसी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है. इमारतों के छत्तों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर संदिग्ध गतिविधी पर सुरक्षा बलों की नजर रहेंगी. शनिवार को एसपीजी (स्पेशल सुरक्षा फोर्स) के जवानों ने बम शोधक दस्ते की मदद से उनके आवागमन के मार्ग और कार्यस्थल की सुरक्षा का जायजा लिया है.

माधव नेत्रालय के विस्तारित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के साथ वे मंच साझा करेंगे. इससे पहले वे रेशमबाग स्थित हेडगेवार स्मृति भवन में पहुंचेंगे. उसके बाद दीक्षाभूमि को भी भेंट देंगे. गुड़ी पाडवा के अवसर पर भवन लोकार्पण कार्यक्रम के साथ ही संघ कार्यकर्ताओं को नया संदेश दिया जाएगा. प्रधानमंत्री नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला-बारूद सुविधा का दौरा करेंगे. वे निहत्थे हवाई वाहनों (यूएवी) के लिए नवनिर्मित 1250 मीटर लंबी और 25 मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का उद्घाटन करेंगे और लोइटरिंग म्यूनिशन तथा अन्य निर्देशित युद्ध सामग्री का परीक्षण करने के लिए लाइव म्यूनिशन और वारहेड परीक्षण सुविधा का उद्घाटन करेंगे.



### बैरिकेडिंग और वैकल्पिक मार्ग

प्रधानमंत्री मोदी हवाई अड्डे से सीधे आरएसएस मुख्यालय जाएंगे. उनका काफिला वर्धा रोड, रहाटे चौक और कांग्रेस नगर होते हुए महल की ओर बढ़ेगा. इसलिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने शनिवार से ही कई जगहों पर बैरिकेड्स लगा दिए हैं. हालांकि, वाहन अभी भी चल रहे थे. रविवार को कुछ सड़कें अस्थायी रूप से बंद रहेंगी और नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा. पुलिस ने सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त यातायात कर्मियों को तैनात किया है.

### विकास कार्यों के कारण सड़क की लंबाई बढ़ गई

दक्षिण और मध्य नागपुर में चल रहे फ्लाईओवर और अन्य विकास कार्यों के कारण आरएसएस मुख्यालय तक पहुंचने का रास्ता कुछ लंबा हो गया है. हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा के ऐसे इंतजाम किए हैं कि उनके काफिले के दौरान कोई अप्रिय घटना या व्यवधान न हो. पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी बैरिकेड्स को पार न कर सके.

### सुरक्षा चाकचौबंद

स्थानीय डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह करीब 8:45 बजे विशेष विमान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होंगा. उसके बाद उनका काफिला शिवनगांव कार्गों टर्निंग से सोनेगांव, मनीष नगर उड्डापुल से अजनी मेट्रो स्टेशन कृपलानी चौक,रहाटे कॉलोनी चौक से कांग्रेस नगर टी-प्वाइंट से धंतोली थाने के पास से सरदार पटेल चौक होते हुए बैद्यनाथ चौक,मेडिकल चौक,क्रिडा चौक,आवारी चौक होते हुए रेशिमबाग स्थित डॉ.हेडगेवार स्मृती मंदिर पहुंचेंगे. वापसी उसी मार्ग से कृपलानी चौक टर्निंग तक होगी. उसके बाद माता कचेरे चौक होते हुए दीक्षाभूमी पर जायेंगे. वहां से फिर से माता कचेरे चौक होते हुए लक्ष्मी नगर चौक,श्रध्दानंदपेठ चौक,माटे चौक,आईटी टी=प्वाइंट गजानन मंदिर वाई-प्वाइंट से सुभाष नगर टी-प्वाइंट से हिंगणा टी-प्वाइंट होते हुए हिंगणा रोड से यशोदा नगर,वासुदेव नगर मेट्रो स्टेशन से यू टर्न लेकर माधव नेत्रालय पहुंचेंगे. वापसी उसी मार्ग से हिंगणा टी-प्वाइंट तक होगी. टी-प्वाइंट से मंगलमुर्ती चौक,त्रिमुर्ती चौक,संभाजी चौक,पडोले हॉस्पीटल चौक, राधेमंगलम चौक,प्रताप नगर चौक,सावरकर नगर चौक,छत्रपती चौक होते हुए वर्धा रोड से हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे. उस दौरान उनकी सुरक्षा में एसपीजी कमांडो सहित स्थानीय सुरक्षा बल के 4 हजार से ज्यादा कर्मचारी व अधिकारी शामिल होंगे. उसमें से करीब 1150 यातायात विभाग के लोग मार्ग की व्यवस्था संभालेंगे. माधव नेत्रालय,स्मृती मंदिर और दीक्षाभुमी में करीब 1-1 हजार लोग सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे. जिसके चलते परींदा भी पर नहीं मार सकेंगा ऐसी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है.

# सिकल सेल, आनुवांशिक रोगों पर अधिक शोध जरूरी

## एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का मेडिकल स्टूडेंट्स से आह्वान

शहर मुख्य संवाददाता

**नागपुर.** मेडिकल छात्रों को आनुवांशिक बीमारियों के साथ-साथ सिकल सेल और वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों पर भी अधिक शोध करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि उपचार पद्धतियां इसी दिशा में तैयार की जानी चाहिए ऐसी बात राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कही. वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्था (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एम्स अध्यक्ष डॉ . अनंत पंढरे, कार्यकारी संचालक डॉ. प्रशांत जोशी, सांसद श्याम कुमार बर्वे, अजीत गोपछड़े, विधायक संजय मेश्राम आदि उपस्थित थे. समारोह में मेधावी छात्रों को मेडल, पुरस्कार प्रदान किए गए. वहीं स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं.





राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कि पहले केवल दिल्ली में ही एम्स था लेकिन अब देश के अन्य राज्यों में एम्स की स्थापना हो गई है. दिल्ली एम्स में परिजनों के निवास की सुविधा के लिए शेल्टर हॉल भी बनाए गए हैं. एम्स की पहली पास आउट बैच का उल्लेख एक इतिहास निर्माण करना होगा. शिक्षा को रोकें नहीं बल्कि इस क्षेत्र में सतत अध्ययन और शोध कर समाज को लाभान्वित करें.

### डॉ. जिज्ञासा, डॉ. अभिजीत, डॉ. हिमांशु को गोल्ड

समारोह में 2018 बैच की छात्रा डॉ. जिज्ञासा जिंदल को अंतिम व्यावसायिक परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने तथा कम्युनिटी मेडिसिन व बालरोग शास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर डॉ. संजय पैठणकर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया. डॉ. अभिजित को द्वितीय तथा डॉ. हिमांशु गजभिये को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया.

### विश्व स्तर का बने संस्थान : गडकरी

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि एम्स में हृदय, किडनी सहित अन्य अवयव प्रत्यारोपण किए जा रहे हैं. पूर्वी विदर्भ में प्रमुखता से सिकल सेल और थैलेसेमिया अधिक पाया जाता है. एम्स में इन बीमारियों के बेहतर इलाज की अपेक्षा है. बोन मेरो ट्रांसप्लांट भी किए गए हैं. मरीजों को सहूलियत दरों में इलाज के बारे में राज्य सरकार से बात करेंगे. नागपुर सहित विदर्भ की समस्याओं से अवगत होकर उनके निराकरण की दिशा में संस्थान को कार्य करना चाहिए. जो सुविधाएं अन्यत्र नहीं मिलतीं वे यहां उपलब्ध हो सकें. एम्स नागपुर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था बने. वर्तमान में वेटरनरी साइंस में अच्छा कार्य हो रहा है. इसी तरह का कार्य एम्स में भी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि नॉलेज हमारी ताकत है. भविष्य में एम्स विश्व के लिए अभिमान बने. इसके लिए सभी को मिलकर एक दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है.






# एक्वा लाइन पर हर 8 मिनट में मिलेगी मेट्रो

## सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक मिलेगी सुविधा

**नागपुर.** प्रधानमंत्री के नागपुर दौरे को देखते हुए महामेट्रो ने एक्वा लाइन मार्ग पर रविवार सुबह 8 से दोपहर 2 बजे के बीच हर 8 मिनट पर अप और डाउन लाइन मार्ग पर मेट्रो सेवा नागरिकों को उपलब्ध कराई है. उल्लेखनीय है कि एक्वा लाइन मार्ग पर वासुदेव नगर मेट्रो स्टेशन के पास माधव नेत्रालय का भूमिपूजन है. शहर में अनेक नागरिकों की मांग थी कि कार्यक्रम के दिन मेट्रो की फ्रिक्वेंसी बढ़ाई जाए. बढ़ते तापमान को देखते हुए नागरिकों की सुविधा में बढ़ोतरी की गई है. मेट्रो सेवा में बदलाव कर हर 8 मिनट में मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी. एक्वा लाइन मार्ग पर प्रजापति नगर से लोकमान्य नगर तक प्रजापति नगर, वैष्णो देवी चौक, आंबेडकर चौक, टेलीफोन एक्सचेंज, चितार ओली चौक, अग्रसेन चौक, दोसर वैश्य चौक, नागपुर रेलवे स्टेशन आदि मेट्रो स्टेशन का समावेश है. कार्यक्रम और सुरक्षा की दृष्टि से रास्ते पर ट्रैफिक जाम टालने के लिए महामेट्रो की सेवा का उपयोग कर कार्यक्रम पर आसानी से पहुंचा जा सकता है.





